# कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल ,झाझा, (जमुई)

पत्रांक 896 (अनु०) /झाझा, दिनांक 16/05/2024

प्रेषक :

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग
कार्य प्रमंडल, झाझा।

सेवा में,

अभियंता प्रमुख–सह–अपर
आयुक्त–सह–विशेष सचिव,
ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना।

विषय :- BRRMS Mobile App के माध्यम से पथों की जाँच के कम में प्रदत्त ग्रेडिंग U का निराकरण करने के संबंध में।

प्रसंग : भवदीय पत्रांक– BRRDA (HQ) MMGSY-269/23 578 अनु0, पटना दिनांक– 10.05.2024

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रसंगाधीन पत्र के आलोक में कहना है कि इस प्रमण्डल के अधीन कुल तीन पथों का ग्रेडिंग "U" प्रदान किया गया है।

निम्नांकित दो पथ जिनका पंचवर्षीय अनुरक्षण का कार्य संवेदक द्वारा नहीं किया जा रहा है।

1. Kanaudi PMGSY Road To Dhodhri Punakardih (MMGSY SC) Length – 1.20 Km
2. Dhamna Dighara Govindpur PMGSY Road To Bandhpar Mandal Tola (MMGSY SC) Length – 1.00 Km

इन पथों के संवेदको को बार बार मौखिक एवं लिखित आदेश देने के बाद भी अनुरक्षण का कार्य नहीं किया गया है। अतः इन दोनो संवेदको को इस कार्यालय के ज्ञापांक– 894 दिनांक– 16.05.2024 एवं ज्ञापांक– 895 दिनांक– 16.05.2024 द्वारा एकरारनामा का विखंडन कर दिया गया है। साथ ही इस कार्यालय के पत्रांक– 896 दिनांक– 16.05.2024 द्वारा अधीक्षण अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य अंचल, मुंगेर को काली सूची में डालने हेतु पत्र विहित प्रपत्र में भरकर भेजा जा रहा है।

तीसरा पथ "Jamui Gidhour REO Road To Poorvi Kolhua Chhatadar Chabutra" Length- 0.900 Km (GTSNY) बालु घाट से भारी वाहन द्वारा बालु ढोने के कारण करीब 500 मी0 पथ क्षतिग्रस्त हो गया है।

संवेदक द्वारा इसकी मरम्मति में असमर्थता जतायी जा रही है। (संवेदक द्वारा दिए गए आवेदन की छायाप्रति संलग्न) महोदय संवेदक द्वारा पूर्व में भी प्रमण्डल को सूचना दी गई है। (पत्र की छायाप्रति संलग्न)

महोदय इस तीसरे पथ पर अद्योहस्ताक्षरी द्वारा क्या कार्रवाई की जाए निदेश/आदेश देने की कृपा प्रदान की जाए।

विश्वासभाजन

16.5.24

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, झाझा।